राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री मिश्र ने मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की

मेहंदीपुर बालाजी ट्रस्ट की ओर अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर हेतु महाप्रसाद के ट्रकों को रवाना किया

जयपुर, 18 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र गुरुवार को मेहंदीपुर बालाजी पहुंचे। वहां उन्होंने मुख्य मंदिर में बालाजी के दर्शन कर देश और प्रदेशवासियों की समृद्धि, संपन्नता और खुशहाली की कामना की।

राज्यपाल ने गुरुवार को मेंदीपुर बालाजी स्थित श्री राम मंदिर में भी पूजा अर्चना की। इसके बाद उन्होंने वहीं मेहंदीपुर बालाजी ट्रस्ट की ओर से अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भेजे जाने हेतु महाप्रसाद के रूप में 51 हजार किलो वजन के ढाई लाख देशी घी के लड्डू के ट्रक भी झंडी दिखाकर रवाना किए। इस अवसर पर सांसद श्री घनश्याम तिवाड़ी भी उपस्थित थे। ट्रस्ट द्वारा महाप्रसाद के साथ एक लाख राम नाम के दुपट्टे और दो हजार कंबल भी अयोध्या भेजे गए हैं।

———